प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **चुनाव आयोग ने की घाटशिला उपचुनाव की तारीख की घोषणा, बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के साथ ही 11 नवंबर को डाले जायेंगे वोट, 14 नवंबर को मतगणना।**
2. **घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही तेज हुई राजनीतिक हलचल, भाजपा ने किया जीत का दावा, झामुमो ने 15 अक्टूबर को बुलायी केन्द्रीय समिति की बैठक।**
3. **पलामू के नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हुए शामिल, विद्यार्थियों को सौंपी उपाधि, राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित होने का किया आह्वान।**
4. **भाजपा ने राजधानी रांची में आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी अभियान के तहत आयोजित किया प्रदेश स्तरीय कार्यशाला, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर।**
5. **एएफसी अंडर– 17 महिला एशियन क्वालीफायर मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा, टीम में झारखंड की छह खिलाड़ी शामिल।**

****

चुनाव आयोग ने झारखंड के घाटशिला विधान सभा उपचुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। घाटशिला उपचुनाव के लिए वोट 11 नवंबर को डाले जायेंगे जबकि नतीजे 14 नवंबर को घोषित होंगे। उप चुनाव की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चुनावी तैयारियों की जानकारी दी।

****

इससे पहले नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बिहार में दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला किया गया है। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

****

घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। भाजपा ने दावा किया है कि इस बार घाटशिला में पार्टी प्रत्याशी की जीत तय है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पार्टी खास रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।

****

इधर, घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर झामुमो 15 अक्टूबर को अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान करेगा। यह फैसला पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में लिया जाएगा। चर्चा है कि इस सीट से पार्टी दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र सोमेश सोरेन को अपना उम्मीदवार बना सकती है। इश बीच झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि पार्टी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है।

****

झारखंड विधानसभा की याचिका समिति की आज एक महत्वपूर्ण बैठक रामगढ़ परिसदन में संपन्न हुई। इस बैठक में रामगढ़ विधायक ममता देवी, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, मांडू विधायक निर्मल महतो के साथ जिले के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बाद में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने बताया कि याचिका समिति की बैठक में समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

****

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार आज पलामू स्थित नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 62 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाजा। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधि भी दिये। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

****

****

राजधानी रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी अभियान के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू सहित भाजपा के कई प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट –

****

लातेहार जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म डिपार्टमेंट ने एक अनोखी पहल शुरू की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड में अब लगातार बारिश से राहत मिलनेवाली है। आनेवाले चार दिनों में हवा के रुख में बदलाव होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। उत्तर–पश्चिमी हवा के रुख से अब आसमान पूरी तरह से साफ होगा। हालांकि, आने वाले चार दिनों में रांची समेत आसपास के कुछ जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जबकि, राज्य के अधिकांश जिलों का मौसम साफ होगा।

****

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा अगले वर्ष 2026 में आयोजित एशिया कप महिला फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर 23 सदस्यीय भारतीय अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम की घोषणा की गई। इनमें झारखंड से 6 खिलाड़ी एलिजाबेथ लकड़ा, सूरजमुनी कुमारी, विनीता हीरो,अनीता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी और दिव्यानी लिंडा शामिल हैं।

******** *********